दिन– सोमवार

दिनांक– 08 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में होगी विशेष चर्चा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे चर्चा की शुरुआत।

02. राज्य में त्वरित न्याय के लिए एक सौ फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया जायेगा। सबसे अधिक आठ अदालतें पटना में खुलेंगी।

03. उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा– केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल बनाया जायेगा।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ शेखपुरा प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

————————————————————————

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में विशेष चर्चा शुरू होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा में इस चर्चा की शुरुआत करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि चर्चा दोपहर बारह बजे शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आठ दिसंबर को वंदे मातरम पर चर्चा और नौ दिसंबर को चुनाव सुधारों पर बहस होगी।

————————————————————————

यूनेस्को की अंतर–सरकारी समिति का 20वाँ सत्र आज नई दिल्ली के लाल किले में शुरू होगा। इस सत्र की अध्यक्षता यूनेस्को में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि विशाल वी. शर्मा करेंगे। भारत ने इस वर्ष यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची के लिए रौशनी का त्योहार दिवाली को नामांकित किया है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस प्रस्ताव की पहले स्वतंत्र मूल्यांकन निकायों द्वारा समीक्षा की जा चुकी है। सत्र के दौरान चर्चा की जाएगी और सरकार को सकारात्मक परिणाम का विश्वास है। इस छह दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होने के लिए सदस्य देशों द्वारा प्रस्तुत नामांकनों की जाँच करना है।

————————————————————————

राज्य में एक सौ फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इनमें सबसे अधिक आठ अदालतें पटना में खुलेंगी। श्री चौधरी ने बताया कि गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में चार–चार अदालतें

स्थापित की जायेगी। वहीं, बिहारशरीफ, सासाराम, छपरा, बेगूसराय, हाजीपुर, मोतिहारी, समस्तीपुर और मधुबनी में तीन–तीन फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि राज्य के एक सौ फास्ट ट्रैक कोर्ट में बेंच क्लर्क, कार्यालय लिपिक और स्टेनोग्राफर सहित कुल नौ सौ पदों पर कर्मियों की नियुक्ति भी की जाएगी। श्री चौधरी ने कहा है कि राज्य के विभिन्न न्यायालयों में अठारह लाख से अधिक लंबित मामलों के मद्देनज़र ये फास्ट ट्रैक कोर्ट बड़ी राहत देने वाले साबित होंगे।

————————————————————————————

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों को सुरक्षा दने के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल बनाया जायेगा। श्री जायसवाल ने पटना में कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

———बाइट———

————————————————————————————

राज्य के सभी जिलों में ओलंपिक अकादमी स्थापित की जायेंगी। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने शेखपुरा में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।

———बाइट———

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि प्रदेश में रोजगार के नये अवसर पैदा करने के लिए दुग्ध उत्पादन समितियों का और विस्तार किया जाए। पटना के फुलवारीशरीफ स्थित सुधा डेयरी प्लांट का निरीक्षण करने के बाद श्री कुमार ने पदाधिकारियों को इस संबंध में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता का विस्तार करने के भी निर्देश दिये। इस दौरान श्री कुमार ने कहा कि वर्ष दो हजार आठ में कृषि रोडमैप की शुरूआत के बाद से राज्य में दूध का उत्पादन बढ़ा है। इससे किसानों और दुग्ध उत्पादकों को काफी फायदा हो रहा है।

————————————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केन्द्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थियों की किस्तों का भुगतान करने के लिए राशि विमुक्त करने का आग्रह किया है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखे गये पत्र के अनुसार वर्तमान में राशि की कमी से आठ लाख लाभार्थियों का भुगतान लम्बित है। गौरतलब है कि इस योजना के अन्तर्गत राज्य में वित्तीय वर्ष दो हजार

चौबीस–पच्चीस और पच्चीस–छब्बीस के दौरान बारह लाख इक्कीस हजार मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत लाभार्थी परिवारों को पक्के मकान के निर्माण के लिए तीन किस्तों में एक लाख बीस हजार रूपये की राशि दी जाती है। योजना के तहत अब तक ग्यारह लाख पैंतीस हजार परिवारों को प्रथम किस्त, सात लाख सैंतालीस हजार को द्वितीय और तीन लाख छब्बीस हजार को तृतीय किस्त का भुगतान किया जा चुका है।

———————————————————————————

नागर विमानन महानिदेशालय–डीजीसीए ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अकाउंटेबल मैनेजर को उड़ानों में रुकावटों पर कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए और समय दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दोनों को अपना जवाब देने के लिए आज शाम छह बजे तक का समय दिया गया है। लगातार छह दिनों से इंडिगो की सेवाओं में काफी रुकावट आई है जिससे बड़े पैमाने पर उड़ाने रद्द हुईं या उनमें देरी हुई और हजारों यात्रियों को परेशानी उठानी पड रही है। इसी को देखते हुए डीजीसीए ने कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। प्रदेश में भी इंडिगो उड़ान संकट के चलते कल दिल्ली, मुम्बई और चेन्नई समेत कई शहरों के लिए अट्ठाईस उड़ानें रद्द रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज से ग्यारह दिसम्बर तक पटना हवाई अड्डे से विभिन्न शहरों के लिए इंडिगो की उनतीस जोड़ी उड़ानें रद्द कर दी गयी है।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री से पन्द्रह डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। इस दौरान सबसे कम आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान शेखपुरा में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पूर्णियां में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता चार सौ पचास मीटर दर्ज की गयी। इधर, विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है।

———————————————————————————

राज्य के नौ सौ निन्यानवे स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बदले जायेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बेगूसराय में एक सौ पैंतालीस, पटना में एक सौ बाईस और सीतामढ़ी में एक सौ छह केन्द्र खोले जायेंगे। इन केन्द्रों पर टीबी से लेकर कैंसर तक की जांच आसानी से की जा सकेगी। स्वास्थ्य विभाग ने इन केन्द्रों को दवा आपूर्ति पोर्टल से भी जोड़ने का निर्देश दिया है। वर्तमान में पूरे राज्य में दस हजार तीन सौ से अधिक उपकेन्द्र संचालित किये जा रहे हैं।

---

केन्द्र सकरार ने बरहड़वा से जमालपुर और किऊल से दीनदयालय उपाध्याय जंक्शन तक नई रेललाईन के निर्माण को मंजूरी दे दी है। रेलवे निर्माण विभाग भागलपुर के डिप्टी सीईं हेमंत कुमार ने बताया कि भागलपुर से बरहड़वा और भागलपुर से जमालपुर तक चौथी रेल लाईन बिछाने के लिए सर्वे किया जा रहा है जबकि तीसरी रेल लाईन के निर्माण के लिए सर्वे का कार्य पूरा किया जा चुका है।

---

सातवीं कैरम वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में पश्चिम चम्पारण जिले की काजल ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। काजल की टीम डबल्स मुकाबले की विजेता बनी जबकि एकल मुकाबले में काजल को उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

वहीं, असम में खेले जा रहे रग्बी लीग में बिहार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये सब जूनियर अंडर फिफ्टीन, अंडर एटटीन और सीनियर महिला वर्ग का खिताब जीत लिया है।

इधर, राजगीर में चल रहे चार दिवसीय विद्यालय बालक हॉकी खेल प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर नाईनटीन वर्ग में पटना ने पूर्णिया को तीन–शून्य से पराजित किया। बालिका वर्ग की प्रतियोगिता पन्द्रह दिसम्बर से शुरू होगी।

वहीं, मध्य प्रदेश के ग्वालियर में खेले जा रहे विजय मर्जेंट क्रिकेट ट्रॉफी अन्डर फिफ्टीन वर्ग में बिहार के खिलाफ छत्तीसगढ़ मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ की टीम ने बिहार के पहली पारी में एक सौ तेईस रन के लक्ष्य का पीछा करते हुये ग्यारह रनों की बढ़त हासिल कर ली है।

---

भागलपुर जिले के बिहपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक सरकारी डॉक्टर सहित चार तस्करों को लगभग दो सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, एसएसबी स्पेशल ब्यूरो और मोतिहारी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में नौ किलोग्राम मादक पदार्थों के साथ सात तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है – नीट पेपर लीक मामले में ईओयू ने संजीव मुखिया और बबलू से की पूछताछ।

दैनिक जागरण ने लिखा है – गोवा में एक नाईट क्लब में इलेक्ट्रिक पटाखों से लगी आग, पच्चीस की मौत।

दैनिक भास्कर लिखता है – पटना के मोकामा में डबल ट्रैक रेल ब्रिज इकतीस दिसम्बर तक पूरा होगा। गंगा नदी पर बिहार का पांचवां रेल ब्रिल होगा।

प्रभात खबर ने पटना के नगर निगम क्षेत्र में सरकारी नलों से बहते पानी पर शीर्षक दिया है– एक साल में एक सौ इक्यासी नल खराब, एक सौ उनतालीस ठीक हुए, बयालीस से अब भी बह रहा पानी।

आज अखबार ने लिखा है– राजगीर के आयुध निर्माण फैक्ट्री को मिली बम से उड़ाने की धमकी। तमिलनाडु से भेजा गया है धमकी भरा ई–मेल।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर आज लोकसभा में होगी विशेष चर्चा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे चर्चा की शुरुआत।

02. राज्य में त्वरित न्याय के लिए एक सौ फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया जायेगा। सबसे अधिक आठ अदालतें पटना में खुलेंगी।

03. उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा– केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल बनाया जायेगा।

04. और, पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ शेखपुरा प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।